epaper
हिन्दुस्तान

# घर की छत पर सोलर प्लांट लगवाएं,40 छूट पाएं

09/05/2022
**लखनऊ, वरिष्ठ संवाददाता।**

अपने घर की छत पर रूफटॉप सोलर प्लांट लगाकर बिजली बिल की झंझट से निजात पा सकते हैं। यूपीनेडा सोलर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने वाले उपभोक्ताओं को अनुदान देने का निर्णय लिया है। एक से तीन किलोवाट तक का रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने वालों को 40 प्रतिशत अनुदान मिलेगा। तीन किलोवाट से अधिक और 10 किलोवाट तक 20 प्रतिशत की सब्सिडी मिलगी।

## काम की खबर

### 6600 रुपये बिल बचत होगी

रिन्यूवल एनर्जी डेवलपमेंट एसोसिएशन अध्यक्ष नीरज बाजपेयी ने बताया कि एक किलोवाट का प्लांट लगाते हैं तो लागत 37 हजार है। उपभोक्ता को करीब 22,200 रुपए खर्च करना होगा और जीएसटी लगेगी। राज्य से 15 हजार रुपये अनुदान मिलेगा। एक साल में औसत 1200 यूनिट बिजली उत्पादन होगा। यानी 6,600 रुपए बचत होगी।

### सोलर रूफटॉप लगाने के लिए ऐसे करें आवेदन

मध्यांचल निगम के सोलर रूफटॉप के नोडल अधिकारी अजय मिश्रा ने बताया कि घरेलू उपभोक्ता सोलर रूफटॉप लगाने के लिए **www.upnedasolarrooftopportal. com** पर आवेदन कर सकते हैं। एक किलोवाट सौर ऊर्जा के लिए 10 वर्ग मीटर जगह चाहिए। बिजली पर खर्च में 30-50 प्रतिशत बचत होती है। राज्य सरकार का अनुदान 15 हजार रुपये प्रति किलोवाट और अधिकतम 30 हजार प्रति किलोवाट मिलता है। पोर्टल एक-दो दिनों में खुल जायेगा। लखनऊ में 25 हजार नेट मीटर घरेलू उपभोक्ता है।

### ये हैं फायदे

- बिजली के बिल में कमी
- एक बार का निवेश
- कम रखरखाव स्वच्छ ऊर्जा
- पांच वर्षों तक रखरखाव
- 25 वर्ष तक पैनल चलेगा।

**30**

**10**

**हजार रुपये अधिकतम अनुदान**

**किलोवाट तक बीस फीसदी छूट**